रविवार
19 अप्रैल, 2026

# अपना नालन्दा

अपना शहर, अपना खबर

वर्ष 2, अंक 75 | नालंदा का नंबर - 1 डिजिटल अखबार

www.apnanalanda.com




# बीपीएससी परीक्षा में आंसर-की पहुंचाने की साजिश नाकाम, तीन आरोपी गिरफ्तार



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा जिले में बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी परीक्षा के दौरान नकल और पेपर लीक की एक बड़ी साजिश का पर्दाफाश हुआ है। सोहसराय थाना क्षेत्र स्थित प्रयाग लाल साहू +2 उच्च विद्यालय परीक्षा केंद्र पर बायोमेट्रिक सत्यापन की आड़ में अभ्यर्थी तक आंसर-की पहुंचाने की कोशिश की जा रही थी। हालांकि केंद्र पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस की सतर्कता से इस साजिश को समय रहते विफल कर दिया गया। मामले में एक महिला परीक्षार्थी समेत दो तकनीकी कर्मियों को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया है।

पर मौजूद पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए महिला अभ्यर्थी और दोनों तकनीकी कर्मियों को गिरफ्तार कर लिया।इस संबंध में केंद्राधीक्षक के लिखित आवेदन पर सोहसराय थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस अब इस पूरे मामले की गहराई से जांच कर रही है कि आंसर-की इन कर्मियों तक कैसे पहुंची और इसके लिए कितने पैसों का लेन-देन हुआ था। पुलिस को आशंका है कि इसके पीछे किसी बड़े सॉल्वर गैंग का हाथ हो सकता है, इसलिए अन्य संदिग्धों की तलाश में



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बायोमेट्रिक सत्यापन कार्य में लगे एजेंसी के सुपरवाइजर चंदन कुमार और ऑपरेटर राहुल कुमार ने ही इस पूरी साजिश को अंजाम दिया था। बताया जा रहा है कि दोनों कर्मियों ने बायोमेट्रिक मशीन के होलोग्राम के भीतर बेहद चालाकी से परीक्षा की आंसर-की छिपाकर रखी थी। योजना के अनुसार जब अभ्यर्थी बायोमेट्रिक सत्यापन के लिए पहुंचते, तब उन्हें गुप्त तरीके से उत्तर-पुर्जा उपलब्ध कराया जाना था।इसी क्रम में पटना जिले के बहादुरपुर निवासी महिला परीक्षार्थी श्वेता कुमारी जब सत्यापन के लिए उनके पास पहुंची, तब उसे आंसर-की का पुर्जा देने का प्रयास किया गया। हालांकि केंद्र पर मौजूद अधिकारियों को गतिविधि पर संदेह हुआ। इसके बाद जांच की गई तो पूरी साजिश का खुलासा हो गया। मौके

छापेमारी भी जारी है।

इधर जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा जारी जानकारी के अनुसार नालंदा जिले के 15 परीक्षा केंद्रों पर यह परीक्षा आयोजित की गई थी। प्रथम पाली में कुल 9732 परीक्षार्थियों को परीक्षा देनी थी, जिनमें से 4285 ही उपस्थित हुए। वहीं दूसरी पाली में भी उपस्थिति लगभग इतनी ही रही और 4250 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। पूरे जिले में केवल इसी केंद्र पर कदाचार का मामला सामने आया, जहां नियमों के उल्लंघन के आरोप में श्वेता कुमारी को तत्काल प्रभाव से परीक्षा से निष्कासित कर दिया गया।

फिलहाल पुलिस इस पूरे रैकेट के मास्टरमाइंड तक पहुंचने के लिए गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर रही है और मिली जानकारियों के आधार पर जांच आगे बढ़ाई जा रही है।




# मलमास मेला 2026 की तैयारी तेज, ब्रह्मकुंड परिसर का होगा सौंदर्यीकरण



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। मलमास मेला 2026 की तैयारियों को लेकर शनिवार को जिलाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में ब्रह्मकुंड परिसर में स्थित मंदिर और पवित्र कुंड के रंग-रोगन, मरम्मत तथा समग्र सौंदर्यीकरण कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में पर्यटन विभाग के संबंधित अधिकारियों के साथ मेले की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

जिलाधिकारी ने मलमास मेले के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को रेखांकित करते हुए निर्देश दिया कि ब्रह्मकुंड परिसर को श्रद्धालुओं के लिए आकर्षक, स्वच्छ और सुरक्षित बनाया जाए। उन्होंने कहा कि यह मेला न केवल आस्था का केंद्र है, बल्कि जिले के पर्यटन को बढ़ावा देने का भी एक महत्वपूर्ण अवसर है।

समीक्षा बैठक के दौरान मंदिर परिसर की दीवारों के रंग-रोगन, कुंड की साफ-सफाई एवं मरम्मत, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल सुविधा, शौचालय व्यवस्था तथा यात्रियों की अन्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं, ताकि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

उन्होंने बताया कि मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मिस्ट कूलर, पंखा, पानी का फव्वारा, आपातकालीन प्रवेश और निकास द्वार, भीड़ नियंत्रण के लिए जिग-जैग व्यवस्था, बेहतर प्रकाश व्यवस्था, दीदी की रसोई, मेडिकल टीम, नियंत्रण कक्ष और क्लॉक रूम जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी कार्यों की नियमित निगरानी की जाएगी और साप्ताहिक समीक्षा कर तैयारियों को समय पर पूरा कराया जाएगा। इस अवसर पर नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता, पर्यटन निगम के महाप्रबंधक चंदन चौहान, कार्यपालक अभियंता रामानुज प्रसाद, प्रबंधक होटल एवं लीज गौरव कुमार, प्रबंधक रोपवे दीपक कुमार, सहायक अभियंता शेष राम वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# नालंदा में सुरक्षा कर्मियों के 250 पदों हेतु जॉब कैंप आयोजित होगा


अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बिहार सरकार के युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के अंतर्गत जिला नियोजनालय नालंदा द्वारा निजी कंपनी एजीआईएल सिक्योरिटी फोर्स प्राइवेट लिमिटेड, हैदराबाद के सहयोग से सुरक्षा कर्मियों की भर्ती के लिए विशेष जॉब कैंप सह पंजीयन शिविर आयोजित किया जाएगा। इस भर्ती अभियान के तहत नालंदा जिले के विभिन्न प्रखंडों में कुल 250 रिक्त पदों के लिए अभ्यर्थियों से आवेदन लिए जाएंगे।

जिला नियोजनालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार सुरक्षा सुपरवाइजर के 50 पद और सुरक्षा जवान के 200 पदों पर भर्ती की जाएगी। सुरक्षा सुपरवाइजर पद के लिए स्नातक उत्तीर्ण अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए आयु सीमा 25 से 40 वर्ष तथा न्यूनतम ऊंचाई 170 सेंटीमीटर निर्धारित की गई है। चयनित अभ्यर्थियों को 22,500 से 25,500 रुपये तक मासिक वेतन दिया जाएगा। वहीं सुरक्षा जवान पद के लिए न्यूनतम योग्यता 10वीं पास रखी गई है। इसकेलिए आयु सीमा 18 से 40 वर्ष और न्यूनतम ऊंचाई 165 सेंटीमीटर निर्धारित की गई है। इस पद के लिए चयनित अभ्यर्थियों को 17,000 से 23,500 रुपये तक मासिक वेतन मिलेगा।

जिला नियोजनालय के अनुसार जॉब कैंप 27 अप्रैल 2026 से शुरू होकर 11 मई 2026 तक जिले के विभिन्न प्रखंडों में आयोजित किए जाएंगे। 27 अप्रैल को गिरियक व राजगीर, 29 अप्रैल को इस्लामपुर, 30 अप्रैल को एकंगरसराय, 5 मई को अस्थावां, 6 मई को चंडी, 7 मई को हरनौत, 8 मई को नूरसराय, 9 मई को हिलसा तथा 11 मई को बिहारशरीफ में सुबह 10:30 बजे से शिविर आयोजित होगा।

इस जॉब कैंप में भाग लेने के लिए अभ्यर्थियों का राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य है। शिविर में भाग लेना पूरी तरह निःशुल्क है। चयन के बाद किसी प्रकार का पंजीयन शुल्क नहीं लिया जाएगा। हालांकि प्रशिक्षण, वर्दी आदि का खर्च अभ्यर्थी और संबंधित कंपनी द्वारा वहन किया जाएगा। जिला नियोजनालय ने स्पष्ट किया है कि किसी भी प्रकार के आर्थिक लेन-देन के लिए विभाग जिम्मेदार नहीं होगा।


SAI BODHIT PVT. LTD.
बिहारशरीफ़ की नई पहचान
SHRIEJAN HEIGHTS में अपना आशियाना।
SHRIEJAN HEIGHTS
कल्पना एक सुंदर-समृद्ध भारत की।
LIFESTYLE OF THE WORLD COMES TO BIHARSHARIF
चोरा बगीचा से केवल 2 मिनट की दुरी पर ..........
RERA APPROVED
Project Registration Number
BRERAP192001011025250432E00
from ₹4251 TO ₹4551/*sq.ft
60% Free Area
Amenities:
. Swimming Pool
· Vastu Compliant Design
. Kids' Play Area
· Volleyball / Badminton Court
. Cricket net pitch
. Landscape & Roof Top Garden
. Temple in Premises
. Highly Secured Society (24x7 security & cctv surveillance)
· 100% Power Backup
. Ample Parking Space & Visitor Car Parking Facility
· EV Reserved Car Parking
Contact Us -
1800 5728 177 (TOLL FREE NUMBER)
9031605004
COMFORT, LUXURY WELLNESS
Site/Office -
सृजन कोल्ड स्टोरेज,
नालंदा टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के सामने,
राजगीर रोड, बिहारशरीफ (4-लेन राष्ट्रीय राजमार्ग-82)
Contact us today to book your site visit!

# ककड़िया मध्य विद्यालय में डाइट टीम का पारंपरिक स्वागत, शिक्षकों में उत्साह



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। मध्य विद्यालय ककड़िया में शुक्रवार को सम्मान और परंपरा का अनोखा संगम देखने को मिला, जब जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, नूरसराय (डाइट) के व्याख्याताओं और प्रशिक्षुओं का भव्य स्वागत किया गया। विद्यालय परिवार की ओर से रोड़ी-चंदन का तिलक लगाकर, पुष्पगुच्छ भेंट कर तथा पुष्पवृष्टि कर अतिथियों का आत्मीय अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर पूरे विद्यालय परिसर में उत्साह और उल्लास का वातावरण बना रहा।

कार्यक्रम का आयोजन वरीय शिक्षक राकेश बिहारी शर्मा एवं प्रधानाध्यापक जितेन्द्र कुमार मेहता के नेतृत्व में किया गया। विद्यालय की शिक्षिका पूजा कुमारी के नेतृत्व में छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम को और भी आकर्षक बना दिया। इस मौके पर डाइट केवरीय प्रशिक्षक व्याख्याता डॉ. ओम प्रकाश, श्रीमती रश्मि कुमारी एवं श्रीमती प्रीति बरनवाल मौजूद रहीं।

अपने संबोधन में डॉ. ओम प्रकाश ने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं होती, बल्कि यह जीवन को सही दिशा देने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि शिक्षक यदि स्वयं सीखने के लिए तत्पर रहें तो विद्यार्थियों को बेहतर मार्गदर्शन दे सकते हैं। प्रशिक्षण के माध्यम से शिक्षकों को नई शिक्षण तकनीकों को अपनाने का अवसर मिलेगा।

वरीय शिक्षक राकेश बिहारी शर्मा ने कहा कि डाइट के प्रशिक्षकों का विद्यालय में आगमन शिक्षकों के लिए सीखने का महत्वपूर्ण अवसर है। वहीं प्रधानाध्यापक जितेन्द्र कुमार मेहता ने कहा कि निरंतर प्रशिक्षण से शिक्षकों की दक्षता बढ़ती है और इससे विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर में भी सुधार होता है।

कार्यक्रम में विद्यालय के कई शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

# घरेलू गैस के लिए गोदाम पर उमड़ी भीड़, उपभोक्ता परेशान, लंबी कतार




हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। स्थानीय प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों घरेलू गैस लेने के लिए गैस एजेंसी के गोदाम पर उपभोक्ताओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। स्थिति यह है कि सुबह होते ही लोगों की लंबी कतार लग जाती है, जिससे दिव्यांग, बुजुर्ग और आम उपभोक्ताओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मामला गायत्री एचपी गैस एजेंसी के गोदाम से जुड़ा है, जहां गैस सिलेंडर लेने के लिए लोग घंटों लाइन में खड़े रहने को मजबूर हैं।

शनिवार को लोहरा गांव निवासी दिव्यांग चंदन कुमार ने बताया कि वह सुबह पांच बजे बिना कुछ खाए-पीए घर से गैस लेने के लिए निकले थे, लेकिन दोपहर तक भी उन्हें भरा हुआ गैस सिलेंडर नहीं मिल सका। वहीं कतार में लगे कई उपभोक्ताओं ने बताया कि उन्होंने ऑनलाइन गैस बुकिंग कर रखी है, फिर भी होम डिलीवरी की सुविधा नहीं मिल रही है। कुछ किसानों ने बताया कि इस समय घरों में गेहूं की मड़ाई का काम चल रहा है। इसके बावजूद वे अपना काम छोड़कर गैस लेने के लिए लाइन में लगे हुए हैं। कई युवाओं ने बताया कि भीड़ के कारण कतार में लगे लोगों के बीच कई बार गाली-गलौच और नोक-झोंक की स्थिति भी बन जाती है, खासकर जब कोई व्यक्ति गलती से या जानबूझकर सिलेंडर आगे-पीछे कर देता है।उधर हरनौत बाजार के एक उपभोक्ता ने होम डिलीवरी नहीं मिलने से परेशान होकर एचपीसीएल को ट्विटर (एक्स) पर शिकायत भी की है। उन्होंने बताया कि उन्होंने 12 अप्रैल को ही गैस बुकिंग कर दी थी, लेकिन अब तक सिलेंडर की डिलीवरी नहीं हुई।इस संबंध में गैस एजेंसी प्रबंधक बृजनंदन प्रसाद यादव ने बताया कि कई उपभोक्ता सुबह चार बजे से ही गोदाम पर पहुंच जाते हैं, जिससे होम डिलीवरी की व्यवस्था प्रभावित हो जाती है। उन्होंने कहा कि एजेंसी से नालंदा और पटना जिले के करीब 17 हजार उपभोक्ता जुड़े हुए हैं और प्रतिदिन लगभग 200 से 250 ऑनलाइन बुकिंग आती है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे धैर्य रखें और घर पर ही रहें, क्योंकि एजेंसी के पास पर्याप्त मात्रा में गैस सिलेंडर उपलब्ध है।



# नालंदा जिले में घरेलू गैस की पर्याप्त आपूर्ति, कालाबाजारी पर कड़ी कार्रवाई

अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने बताया कि तेल विपणन कंपनियों से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार नालंदा जिले में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है और उपभोक्ताओं को उनकी खपत के अनुसार निर्बाध आपूर्ति की जा रही है। जिले में संचालित 54 गैस एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 9224 घरेलू एलपीजी सिलेंडर उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि विभागीय नियमों के अनुसार शहरी क्षेत्रों में 25 दिनों के बाद और ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिनों के बाद गैस रिफिल के लिए आवेदन किया जा सकता है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि लंबित बुकिंग का शीघ्र निष्पादन करते हुए जिले का बैकलॉग 4.3 से घटाकर 2 से 3 के बीच लाया जाए।

जिलाधिकारी ने बताया कि खरमास के बाद विवाह और अन्य मांगलिक कार्यक्रमों में वृद्धिको देखते हुए वाणिज्यिक गैस की आपूर्ति की भी व्यवस्था की गई है।

जिन लोगों के घर में विवाह कार्यक्रम निर्धारित है, वे शादी का कार्ड संलग्न कर संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर आवश्यक वाणिज्यिक गैस सिलेंडर की मांग कर सकते हैं। उपलब्ध कराए गए वाणिज्यिक गैस सिलेंडरों का उपयोग केवल विवाह समारोह में ही किया जाएगा।

उन्होंने यह भी जानकारी दी कि बिहारशरीफ नगर निगम, राजगीर और सिलाव क्षेत्र में पीएनजी पाइपलाइन बिछाने का कार्य चल रहा है। बिहारशरीफ के छह वार्ड, सिलाव के छह वार्ड और राजगीर के 17 वार्डों में पाइपलाइन का कार्य पूरा हो चुका है। अब तक 1733 लोगों ने पीएनजी कनेक्शन के लिए आवेदन किया है, जिनमें से 1431 उपभोक्ताओं को कनेक्शन दिया जा चुका है, जबकि शेष को शीघ्र कनेक्शन उपलब्ध कराया जाएगा।

जिलाधिकारी ने बताया कि गैस आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम (टोल फ्री नंबर 06112-233168) संचालित किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि गैस सिलेंडर की जमाखोरी, कालाबाजारी या घरेलू गैस के व्यवसायिक उपयोग की सूचना तुरंत प्रशासन को दें। ऐसी गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# जनगणना 2027 को लेकर पर्यवेक्षक और प्रगणकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। आगामी जनगणना 2027 को लेकर स्थानीय नगर पंचायत क्षेत्र में पर्यवेक्षक और प्रगणकों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड कृषि कार्यालय में दिया जा रहा है।

नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी सह जनगणना चार्ज पदाधिकारी सौरभ सुमन ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल तीन बैच बनाए गए हैं। प्रत्येक बैच को तीन-तीन दिनों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शनिवार को प्रथम बैच का प्रशिक्षण संपन्न हुआ, जिसमें पर्यवेक्षक और प्रगणक मिलाकर कुल 32 प्रशिक्षु शामिल हुए।

प्रशिक्षण के दौरान ट्रेनर के रूप में शिक्षिका पम्मी कुमारी और जयराम दास ने प्रतिभागियों को जनगणना के महत्व, जनगणना कार्य में पर्यवेक्षक और प्रगणकों की भूमिका, डिजिटल जनगणना की प्रक्रिया, नजरी नक्शा और एचएलओ मोबाइल ऐप के उपयोग से संबंधित विस्तृत जानकारी दी।इसके अलावा प्रशिक्षण में जनगणना कार्य के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां, व्यवहारिक प्रदर्शन, डेटा संग्रह की प्रक्रिया, प्रगणक और उत्तरदाता के बीच संवाद की विधि, इनकार की स्थिति से निपटने के तरीके, शिष्टाचार और प्रश्न पूछने की सही पद्धति के बारे में भी बताया गया।

प्रशिक्षुओं को एचएलओ ऐप के माध्यम से प्रश्नों के उत्तर भरने की विधि, पर्यवेक्षकों द्वारा डेटा सत्यापन की प्रक्रिया तथा मोबाइल ऐप के उपयोग में क्या करें और क्या न करें, इसकी भी जानकारी दी गई। फील्ड ट्रेनरों की देखरेख में प्रगणकों ने मोबाइल ऐप पर डेटा प्रविष्टि का अभ्यास किया और पर्यवेक्षकों ने त्रुटियों की पहचान करना सीखा।


प्रशिक्षण के अंतिम दिन प्रतिभागियों को सेवा भाव की प्रतिज्ञा दिलाई गई, विचार-विमर्श हुआ और ईईंडएस किट सामग्री का वितरण भी किया गया।












# पैइन की जमीन पर बना इंदिरा आवास, जनता दरबार में उठा बड़ा सवाल




थरथरी (अपना नालंदा)। प्रखंड अंचल कार्यालय में शनिवार को आयोजित जनता दरबार में भूमि विवाद और अतिक्रमण से जुड़े मामलों की सुनवाई की गई। इस दौरान दो मामलों का निष्पादन किया गया, जिसमें जमालपुर गांव का एक मामला चर्चा का विषय बन गया। यहां पैइन (जल संचय स्थल) की सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर इंदिरा आवास बनाए जाने का मामला सामने आया, जिससे प्रशासन भी हैरान रह गया।

जनता दरबार की अध्यक्षता कर रही अंचलाधिकारी चेतना कुमारी ने बताया कि इस मामले में सभी प्रतिवादी उपस्थित हुए थे, लेकिन वादी अनुपस्थित रहे। सुनवाई के दौरान यह सवाल प्रमुखता से उठा कि जल निकासी और जल संचय के लिए सुरक्षित पैइन की जमीन पर आखिर इंदिरा आवास निर्माण की स्वीकृति कैसे दे दी गई।

अंचलाधिकारी ने कहा कि सरकारी जल संचय और जल निकासी की भूमि पर किसी प्रकार का निर्माण गंभीर मामला है। इस संबंध में विस्तृत जांच कराई जाएगी। यदि जांच में किसी प्रकार की अनियमितता या लापरवाही सामने आती है तो संबंधित अधिकारियों और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि जनता दरबार का मुख्य उद्देश्य आम लोगों की जमीन से जुड़ी समस्याओं का त्वरित और पारदर्शी समाधान करना है। भूमि विवाद, अतिक्रमण और सीमांकन जैसे मामलों में प्रशासन पूरी गंभीरता के साथ कार्रवाई कर रहा है, ताकि किसी भी व्यक्ति के साथ अन्याय न हो।

अंचलाधिकारी ने लोगों से अपील की कि वे अपनी जमीन संबंधी समस्याओं को लेकर जनता दरबार में आएं, जिससे समय पर उनका समाधान किया जा सके। प्रशासन ने भरोसा दिलाया कि सरकारी जमीन और जल स्रोतों की सुरक्षा के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे।






# चंडी के गौढापर के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक घायल




चितरंजन कुमार

चंडी (अपना नालंदा)। थाना क्षेत्र के गौढापर गांव के समीप शनिवार की देर शाम करीब साढ़े सात बजे सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक अपनी बाइक से जा रहा था, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

घटना के तुरंत बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और इसकी सूचना चंडी थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और घायल युवक को तत्काल इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नूरसराय में भर्ती कराया।

प्राथमिक उपचार के दौरान डॉक्टरों ने युवक की हालत गंभीर देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल रेफर कर दिया, जहां उसका इलाज चल रहा है। घायल युवक की पहचान गुंजरचक गांव निवासी विनेशर राम के पुत्र संतोष राम के रूप में हुई है।स्थानीय लोगों के अनुसार हादसे में संतोष राम के सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं, जिससे उसकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।

घटना के संबंध में घायल के भाई दिलीप राम ने बताया कि संतोष राम घर से बाइक लेकर एक छेका कार्यक्रम में शामिल होने जा रहा था, तभी रास्ते में अज्ञात वाहन की टक्कर से यह दुर्घटना हो गई।

थानाध्यक्ष अखिलेश झा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है तथा अज्ञात वाहन की पहचान कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# डा. मानव ने युवाओं को सूखा नशा के दुष्परिणाम से किया सचेत



हिलसा (अपना नालंदा)। समाजसेवी सह गुटखा छोड़ो आंदोलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. आशुतोष कुमार मानव ने हिलसा बस स्टैंड के समीप स्थित शिक्षण संस्थानों में सूखा नशा के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान छात्र-युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए उन्हें नशा नहीं करने का संकल्प दिलाया गया।

इंगलिश कंपीटिशन ज़ोन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान डॉ. मानव ने कहा कि आज के समय में बड़ी संख्या में युवा सूखा नशा के दलदल में फंसते जा रहे हैं। इसके कारण कई नौजवान असमय मौत के मुंह में जा रहे हैं। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि सूखा नशा का कारोबार तेजी से फैल रहा है और यदि समय रहते समाज नहीं चेता तो आने वाले समय में युवा शक्ति बर्बाद हो सकती है।

उन्होंने बताया कि कई बार बच्चे देखा-देखी नशीले पदार्थों का सेवन शुरू कर देते हैं, जो धीरे-धीरे बुरी लत में बदल जाता है। विशेष रूप से बीएस, ड्रग्स और नशीले इंजेक्शन जैसे पदार्थों के कारण हजारों लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की कि वे अपने बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखें और उन्हें नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करें।

डॉ. मानव ने कहा कि नशा नाश की जननी है, जो व्यक्ति के साथ-साथ परिवार और समाज को भी खोखला कर देता है। इसलिए युवाओं को नशे से दूर रहकर अपने भविष्य को संवारने पर ध्यान देना चाहिए।

मौके पर शिक्षाविद् राजीव कुमार गुड्डू ने भी युवाओं से नशा नहीं करने और समाज में जागरूकता फैलाने की अपील की।






संपादकीय

जे पी चौधरी



# दो तिहाई बहुमत न मिलने से लोकसभा में 131वां संविधान संशोधन बिल गिरा

लोकसभा में संविधान में प्रस्तावित 131वां संशोधन बिल मतदान के बाद गिर गया। दरअसल, यह बिल देश में महिला आरक्षण कानून में संशोधन के लिए लाया गया था। राजनीतिक पंडित पहले ही कह रहे थे कि संविधान संशोधन के लिये जरूरी दो तिहाई बहुमत सरकार के पास नहीं है, जिससे बिल के पारित होने पर संशय था। वैसा ही हुआ और राजग सरकार दो तिहाई वोट हासिल करने में विफल रही। बिल के समर्थन में 298 और इसके विरोध में 230 वोट पड़े। आखिरकार सरकार की ओर से कहा गया कि अब दोनों बाकी प्रस्तावित संशोधन बिलों को आगे न बढ़ाने का निर्णय लिया है। उल्लेखनीय है कि महिलाओं को 33 आरक्षण देने वाले कानून में संशोधन को लेकर बुलाए गए विशेष सत्र में पिछले कुछ दिनों से सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच गरमागरम बहस जारी थी। विपक्ष इस संशोधन में शामिल परिसीमन को लेकर सरकार की घेराबंदी कर रहा था। दरअसल, दक्षिण भारत के उन राज्यों में इसको लेकर खासा विरोध था जिन्होंने जनसंख्या नियंत्रण करके आर्थिक विकास को प्राथमिकता बनाया था। उनकी आशंका थी कि परिसीमन विधेयक के अस्तित्व में आने से संसद में इन राज्यों का प्रतिनिधित्व कम हो जाएगा। विपक्ष में का आरोप है कि संसद का विशेष सत्र बुलाकर महिला आरक्षण संशोधन बिल को पारित करने का उपक्रम महज कुछ राज्यों में हो रहे चुनाव में बढ़त हासिल करने के लिये था। ताकि महिला वोटरों को लुभाया जा सके। विपक्ष ने संसद में जारी बहस के बीच कानून मंत्रालय द्वारा महिला आरक्षण अधिनियम 2023 को लागू करने के लिये अधिसूचना जारी करने पर भी सवाल उठाये। उल्लेखनीय है कि महिला आरक्षण कानून का उद्देश्य संसद और राज्य विधान सभाओं में महिलाओं के लिये 33 फीसदी आरक्षण लागू करने का प्रावधान था। मगर राजग सरकार ने प्रस्तावित 131वें संविधान बिल 2026 में सीटों में आरक्षण को परिसीमन के आधार पर लागू करने की बात कही थी।

दरअसल, विपक्ष इस संशोधन बिल की टाइमिंग और आरक्षण को परिसीमन के आधार पर लागू करने की शर्त पर सवाल उठाता रहा है। कांग्रेस पार्टी की ओर से कहा गया कि 33 फीसदी आरक्षण को लोकसभा की मौजूदा सीटों के आधार पर ही लागू करना चाहिए। विपक्ष परिसीमन से उपजी विसंगतियों और दक्षिण के राज्यों की चिंताओं को तरजीह देने की बात करता रहा है। वहीं सत्ता पक्ष की दलील रही कि विपक्ष महिला आरक्षण का विरोध कर रहा है। बिल का मकसद महिला सशक्तीकरण ही है। जिसके लिये इसके लागू करने के तरीके का विरोध किया जा रहा है। सत्ता पक्ष की दलील थी कि परिसीमन संविधान सम्मत है और बढ़ती आबादी के बाद सीटों को तार्किक बनाये जाने की जरूरत है। इस बीच दोनों पक्षों की ओर से एससी-एसटी के हितों के पैरोकार होने की दलीलें भी दी गई। सत्ता पक्ष ने विपक्ष पर उत्तर-दक्षिण का नैरेटिव गढ़ने का आरोप भी लगाया। साथ ही विपक्ष को महिलाओं के आक्रोश की कीमत चुकाने की भी चेतावनी दी। वहीं विपक्ष ने केंद्र पर देश का चुनावी नक्शा बदलने की कोशिश का आरोप लगाया।

# चोरी के बाइक, मंसूर और ई-रिक्शा बैटरी के साथ चार गिरफ्तार

हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। कल्याण बिगहा थाना पुलिस ने शनिवार को कार्रवाई करते हुए चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों के पास से चोरी का एक बाइक, टोटो (ई-रिक्शा) की एक बैटरी तथा करीब साढ़े तीन क्विंटल मंसूर बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार पकड़े गए बदमाशों में कल्याण बिगहा थाना क्षेत्र के सिकंदर यादव के पुत्र प्रिंश कुमार, सोहन यादव के पुत्र पियुष कुमार, उपेंद्र यादव के पुत्र बिक्कु कुमार तथा चंडी थाना क्षेत्र के मुकेश कुमार के पुत्र निरज गोप शामिल हैं।

थानाध्यक्ष निशा भारती ने देर रात जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर चारों को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उनके पास से चोरी का बाइक, टोटो की बैटरी और मंसूर बरामद किया गया।

पुलिस मामले की जांच करते हुए आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी हुई है।




# मंडल कारा जहानाबाद के 15 कैदियों के परिजनों को पारिश्रमिक राशि देने की स्वीकृति




अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिला अपराध पीड़ित कल्याण न्यास समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंडल कारा, काको में सजा काट रहे कैदियों के परिजनों को पारिश्रमिक राशि देने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया।

मंडल कारा के अधीक्षक अजीत कुमार ने बैठक में जानकारी दी कि कारा में सजा काट रहे 15 सजायाफ्ता कैदी जेल के भीतर विभिन्न कार्यों में लगे हुए हैं। इन कैदियों से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेज कारा प्रशासन के पास उपलब्ध हैं। इन्हीं दस्तावेजों के आधार पर जिला अपराध पीड़ित कल्याण न्यास समिति के सदस्यों ने कैदियों के परिजनों को उनके पारिश्रमिक की 33 प्रतिशत राशि भुगतान करने की स्वीकृति प्रदान की है। अधीक्षक ने बताया कि जिन कैदियों को सजा सुनाई जा चुकी है और वे जेल में रहकर कार्य करते हैं, उन्हें उस कार्य के बदले पारिश्रमिक दिया जाता है। इस पारिश्रमिक का 67 प्रतिशत हिस्सा सीधे कैदी को दिया जाता है, जबकि शेष 33 प्रतिशत राशि उनके परिजन या आश्रित को दी जाती है। यह राशि जिला अपराध पीड़ित कल्याण न्यास समिति की स्वीकृति के बाद चेक अथवा डीबीटी के माध्यम से भुगतान की जाती है।

बैठक में यह भी बताया गया कि कुछ अन्य कैदियों के परिजनों के दस्तावेज पूर्ण रूप से उपलब्ध नहीं होने के कारण उन्हें फिलहाल भुगतान की स्वीकृति नहीं दी जा सकी है। जिला पदाधिकारी ने मंडल कारा अधीक्षक को निर्देश दिया कि संबंधित कैदियों के सभी आवश्यक दस्तावेज शीघ्र उपलब्ध कराते हुए उनके परिजनों को भी पारिश्रमिक राशि का भुगतान सुनिश्चित किया जाए।बैठक में जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग की पदाधिकारी पूनम कुमारी, मंडल कारा अधीक्षक अजीत कुमार सहित जिला अपराध पीड़ित कल्याण न्यास समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# जहानाबाद में उर्दू भाषी विद्यार्थियों की प्रतियोगिता, प्रतिभाओं को मिला सम्मान



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। उर्दू भाषी विद्यार्थी प्रोत्साहन राज्य योजना के अंतर्गत जहानाबाद में प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उप विकास आयुक्त डॉ. प्रीति ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उर्दू भाषा के प्रचार-प्रसार तथा जिले के इतिहास और विकास से संबंधित जानकारी को समाहित करते हुए उर्दू भाषा में लिखित पुस्तिका “जिला उर्दू नामा, जहानाबाद” का भी विमोचन किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अधिकारियों ने कहा कि उर्दू केवल एक भाषा नहीं बल्कि गंगा-जमुनी सभ्यता और संस्कृति की अमूल्य विरासत है। यह किसी धर्म विशेष की भाषा नहीं, बल्कि हिन्दुस्तान की साझा संस्कृति की पहचान है। उर्दू प्रेम, भाईचारे और सौहार्द की भाषा है, जिसे संरक्षित और प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है।

प्रभारी पदाधिकारी, जिला उर्दू भाषा कोषांग ने बताया कि प्रतियोगिता तीन वर्गों—मैट्रिक समकक्ष फौकानिया, इंटर समकक्ष मौलवी तथा ग्रेजुएशन समकक्ष आलिम—में आयोजित की गई। फौकानिया वर्ग में “नज्म और रुबाई: तारीफ व तौजीह” विषय पर प्रतियोगिता हुई, जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को 4500 रुपये, द्वितीय को 3500 रुपये और तृतीय को 2500 रुपये की प्रोत्साहन राशि, मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

मौलवी वर्ग में “फन अफसाना निगारी: एक जायजा” विषय पर प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विजेताओं को क्रमशः 5500, 4500 और 3500 रुपये दिए गए। वहीं आलिम वर्ग में “नावेल निगारी: आगाज व इरतका” विषय पर प्रतियोगिता हुई, जिसमें विजेताओं को 6500, 5500 और 4500 रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई।

निर्णायक मंडल में मो. निराज इमाम, मो. अरशद अली और मो. मुस्तकीम अहमद शामिल थे। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उर्दू भाषा के विकास से जहानाबाद जिले की पहचान देश में और मजबूत होगी।

# इस्लामपुर में 3100 कलशों की भव्य शोभायात्रा, जयकारों से गूंजा पूरा नगर



मोहम्मद जियाउद्दीन

इस्लामपुर (अपना नालंदा)। इस्लामपुर नगर में उस समय धार्मिक आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला, जब हनुमान प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर 3100 कलशों की भव्य और ऐतिहासिक शोभायात्रा निकाली गई। इस कलश यात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया, जिनमें बड़ी संख्या में महिलाओं की सहभागिता रही। लगभग 3100 महिलाओं ने अपने सिर पर कलश धारण कर पूरे नगर को आध्यात्मिक वातावरण से सराबोर कर दिया। चारों ओर "जय श्रीराम" और "बजरंगबली की जय" के उद्घोष से वातावरण गुंजायमान हो उठा, जिससे हर गली-मोहल्ला भक्तिमय हो गया।

कलश शोभायात्रा का शुभारंभ प्रातःकाल पटना रोड स्थित हनुमान मंदिर परिसर से वैदिक मंत्रोच्चार और विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। आचार्यों और पुरोहितों ने पहले कलशों का पूजन कराया, इसके बाद श्रद्धालु महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में कतारबद्ध होकर सिर पर कलश लेकर यात्रा में शामिल हुईं। उनके साथ पुरुष श्रद्धालु ढोल-नगाड़े, शंखध्वनि और भजन-कीर्तन के माध्यम से पूरे वातावरण को भक्तिमय बना रहे थे।

नगर भ्रमण के दौरान श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। जगह-जगह स्थानीय लोगों द्वारा पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। नगर के प्रमुख चौक-चौराहों को रंग-बिरंगी झालरों, धार्मिक झंडों और बैनरों से सजाया गया था, जिससे पूरा मार्ग किसी बड़े पर्व जैसा प्रतीत हो रहा था। कई स्थानों पर भक्ति संगीत और रामधुन का आयोजन भी किया गया, जिसने श्रद्धालुओं की आस्था को और अधिक प्रगाढ़ कर दिया।

यह विशाल कलश यात्रा नगर भ्रमण करते हुए बुढ़ा नगर स्थित सूर्य मंदिर के पवित्र तालाब तक पहुंची। वहां विद्वान आचार्यों के सान्निध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधानपूर्वक जल उठाया गया। पूरे अनुष्ठान के दौरान श्रद्धालु पूरी श्रद्धा और अनुशासन के साथ उपस्थित रहे। जल ग्रहण करते समय धार्मिक परंपराओं और नियमों का विशेष ध्यान रखा गया, जिससे आयोजन की पवित्रता बनी रही।

जल उठाने के बाद श्रद्धालु उसी उत्साह और भक्ति भाव के साथ पुनः हनुमान मंदिर की ओर लौटे। वापसी यात्रा भी उतनी ही भव्य और आकर्षक रही। मंदिर परिसर पहुंचने पर कलशों की विधिवत स्थापना के साथ यात्रा का समापन किया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर को रंगीन रोशनी, फूलों की सजावट और भव्य पंडाल से आकर्षक रूप से सजाया गया था।

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जगह-जगह शीतल जल, शरबत और प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई थी। स्थानीय युवाओं और स्वयंसेवकों ने व्यवस्था संभालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं प्रशासन की ओर से सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे पूरा कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

हालांकि इस भव्य आयोजन के दौरान नगर परिषद की व्यवस्था पर सवाल भी उठे। शोभायात्रा के मार्ग में कई स्थानों पर सड़क पर गंदगी का अंबार लगा हुआ था, जिससे श्रद्धालुओं को गुजरने में परेशानी हुई। बजरंगबली पूजा प्रबंध समिति के सदस्यों ने बताया कि कार्यक्रम की लिखित सूचना पहले ही नगर परिषद कार्यालय को दी गई थी, बावजूद इसके सड़कों की सफाई नहीं कराई गई। इस कारण श्रद्धालुओं में नगर परिषद के प्रति नाराजगी भी देखने को मिली।

इस अवसर पर श्री बजरंगबली पूजा प्रबंध समिति के अध्यक्ष मुकेश कुमार, सचिव सुरेंद्र सिंह अधिवक्ता, संयोजक सह कोषाध्यक्ष भागवत सिंह यादव, राकेश कुमार, विनोद कुमार, उपेंद्र यादव, महेंद्र सिंह यादव, सुकेश कुमार, पप्पू कुमार, छोटू कुमार, डॉ. विनोद कुमार, राजेश कुमार, रंजन कुमार सहित कई लोग उपस्थित रहे।

पूरे नगर में उत्सव जैसा माहौल बना रहा और लोगों के चेहरों पर भक्ति तथा प्रसन्नता साफ झलक रही थी।

# बजरंगबली मंदिर प्राण प्रतिष्ठा हेतु निकली भव्य कलश यात्रा, गूंजे जयकारे



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के मुढ़ारी गांव में फोरलेन सड़क किनारे नवनिर्मित बजरंगबली मंदिर में श्री श्री 108 बजरंगबली जी की प्राण-प्रतिष्ठा तथा अखंड कीर्तन को लेकर शनिवार को श्रद्धालुओं द्वारा भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान 201 कुमारी कन्याओं और महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर जलबोझी की और पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

कलश यात्रा नवनिर्मित बजरंगबली मंदिर परिसर से सुरक्षित वाहन के साथ निकलकर बख्तियारपुर के ग्यासपुर स्थित गंगा नदी तट पहुंची। वहां आचार्य अरविंद पांडेय ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधि-विधानपूर्वक कलश में जल भरवाया। इसके बाद कलश यात्रा पुनः वाहन के साथ कार्यक्रम स्थल के लिए रवाना हुई।

नेशनल हाईवे-20 पर हरनौत बाजार में फ्लाईओवर के नीचे पेट्रोल पंप से कुमारी कन्याओं और महिलाओं ने डीजे की धुन पर सिर पर कलश रखकर यात्रा शुरू की। यह शोभा यात्रा मुख्य बाजार, रूपसपुर चौराहा स्थित सरदार पटेल चौक, बीआरसी और जीडीएम कॉलेज होते हुए मंदिर परिसर पहुंची, जहां विद्वानों ने विधि-विधानपूर्वक यज्ञशाला में कलश की स्थापना कराई। इस दौरान "जय श्री राम" और "जय हनुमान" के जयकारों से पूरा इलाका गूंज उठा।

प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर बड़ी मुढ़ारी, छोटी मुढ़ारी, मानपुर, साहवाजपुर, रूपसपुर सहित आसपास के गांवों में भक्तिमय माहौल बना हुआ है। विद्वानों ने बताया कि रविवार को वेदी पूजन और मंडप पूजन होगा, जबकि 20 अप्रैल को बजरंगबली जी की प्राण-प्रतिष्ठा की जाएगी। इसके बाद 21 अप्रैल से 24 घंटे का अखंड कीर्तन शुरू होगा तथा 22 अप्रैल को पूर्णाहुति और हवन के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा।इस अवसर पर पंडित रामचंद्र पांडेय, पंडित राकेश पांडेय, सुग्रीव यादव, नंदू यादव, जितेंद्र यादव, सिंघे यादव, सोनू, नीतीश, कमलेश, बब्लू, पप्पू, गुड्डू, सुनील, मनीष समेत अनेक श्रद्धालु मौजूद थे।

# डिजिटल जनगणना की शुरुआत, अब लोग घर बैठे स्वयं भरे अपना डेटा




हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। पूरे बिहार के साथ स्थानीय नगर पंचायत क्षेत्र में शुक्रवार से जनगणना 2027 के तहत स्व-गणना की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस नई व्यवस्था के तहत अब आम लोग घर बैठे ही अपने परिवार से जुड़ी पूरी जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर रहे हैं। सरकार की ओर से शुरू की गई यह पहल जनभागीदारी बढ़ाने और जनगणना प्रक्रिया को डिजिटल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

जानकारी के अनुसार 17 अप्रैल 2026 से 1 मई 2026 तक स्व-गणना का कार्य चलेगा। इस अवधि में लोग अपने मोबाइल, कंप्यूटर या लैपटॉप के माध्यम से आधिकारिक पोर्टल पर जाकर परिवार से संबंधित जानकारी दर्ज कर सकते हैं। इसके बाद 2 मई से 31 मई 2026 तक घर-घर सर्वेक्षण और मकान सूचीकरण का कार्य किया जाएगा।

उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सुरेश सिंह ने बताया कि डिजिटल स्व-गणना की प्रक्रिया शुरू होनेसे लोगों को सुविधा होगी और आंकड़ों की सटीकता भी बढ़ेगी। अधिकारियों का कहना है कि इससे डेटा संग्रहण अधिक पारदर्शी और व्यवस्थित तरीके से हो सकेगा।

सरकार ने नागरिकों से अपील की है कि वे जनगणना के आधिकारिक पोर्टल se.census.gov.in पर जाकर सभी 33 प्रश्नों के सही-सही उत्तर दर्ज करें। प्रक्रिया पूरी होने के बाद मिलने वाली एसई आईडी को सुरक्षित रखना जरूरी है।

अधिकारियों ने बताया कि जनगणना अधिनियम 1948 के तहत दी गई सभी जानकारी पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी और इसका उपयोग केवल सरकारी आंकड़ों के लिए किया जाएगा। सरल शब्दों में कहें तो अब जनगणना आपके दरवाजे पर आने से पहले आपके मोबाइल और लैपटॉप तक पहुंच चुकी है।

अब देखना यह है कि लोग इस डिजिटल पहल में कितनी भागीदारी निभाते हैं।

# आधुनिकता के दौर में ढेंकी, जांता और सिलवट-लोढ़ा विलुप्ति के कगार पर



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। तेजी से बढ़ती आधुनिकता और सुविधाभोगी जीवनशैली के इस दौर में पारंपरिक घरेलू उपकरण धीरे-धीरे विलुप्ति की कगार पर पहुंचते जा रहे हैं। कभी ग्रामीण जीवन का अहम हिस्सा रहे ढेंकी, सिलवट-लोढ़ा और जांता जैसे घरेलू यंत्र अब घरों से लगभग गायब होते जा रहे हैं। पहले जहां इन उपकरणों की आवाज हर गांव और घर में सुनाई देती थी, वहीं आज इनकी जगह आधुनिक मशीनों ने ले ली है।

एक समय था जब गांवों में महिलाएं ढेंकी से धान कूटते समय गीत गाती थीं और त्योहारों या विशेष अवसरों पर दो-तीन महिलाएं मिलकर जांता से आटा पीसती थीं। सिलवट-लोढ़ा पर मसाले, चटनी और जड़ी-बूटियां पीसी जाती थीं। ये उपकरण केवल घरेलू काम का साधन ही नहीं बल्कि ग्रामीण संस्कृति और परंपरा का प्रतीक भी थे। लेकिन अब इनकी जगह राइस मिल, मिक्सर मशीन, पोर्टेबल मिल और आटा चक्की ने ले ली है। कम समय में अधिक काम और कम मेहनत की चाहत ने लोगों को पारंपरिक यंत्रों से दूर कर दिया है।

इधर इन उपकरणों के निर्माण से जुड़े कारीगरों की आजीविका पर भी इसका सीधा असर पड़ा है। स्थानीय बाजार में आरपीएस कॉलेज के पास एक मकान में बक्सर जिले के डुमरांव से आए लगभग 20 कारीगर पिछले दो सप्ताह से रह रहे हैं। ये कारीगर सिलवट, जांता और लोढ़ा जैसे पारंपरिक घरेलू उपकरण बनाकर आसपास के गांवों में घूम-घूमकर बेचते हैं।

कारीगरों में शामिल मुरारी राम, रोहित कंजर, श्याम बिहारी राम, दुर्गेश राम, राधिका देवी, पुष्पा देवी, अजय, सत्येंद्र, विश्वकर्मा, करण और अर्जुन ने बताया कि वे बचपन से ही इस काम से जुड़े हुए हैं और इसी से उनकी जीविका चलती रही है। लेकिन अब बाजार में इन उपकरणों की मांग तेजी से घटती जा रही है। उनका कहना है कि जांता, सिलवट और लोढ़ा बनाने में काफी मेहनत लगती है, लेकिन इसके मुकाबले उन्हें उचित मुनाफा नहीं मिल पाता।



उन्होंने बताया कि इन उपकरणों के निर्माण के लिए पत्थर उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर, बनारस और विंध्याचल जैसे क्षेत्रों से ट्रक के माध्यम से लाया जाता है। इसके बाद कारीगर हाथ से पत्थर को तराशकर जांता, सिलवट और लोढ़ाका आकार देते हैं। फिलहाल वे जांता लगभग 400 से 500 रुपये में और सिलवट-लोढ़ा 250 से 300 रुपये में बेच रहे हैं।

वहीं शिवाजी नगर की रंजू देवी और शांति देवी बताती हैं कि वे आज भी सिलवट-लोढ़ा पर चटनी, मसाले और जड़ी-बूटियां पीसती हैं तथा जांता से दाल और सत्तू तैयार करती हैं। उनका कहना है कि पारंपरिक घरेलू यंत्रों का उपयोग बंद होने से लोगों को सुविधा जरूर मिली है, लेकिन इसके साथ-साथ कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं भी बढ़ रही हैं।

पहले लोग ढेंकी से धान कूटकर चावल बनाते थे और उसका सेवन करते थे, जबकि अब अधिकांश लोग राइस मिल के चावल पर निर्भर हो गए हैं। इन मिलों में चावल को चमकदार बनाने के लिए कई बार रासायनिक पदार्थों का उपयोग किया जाता है, जिससे स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इसी तरह पहले घरों में मसाले और तेल पीसकर उपयोग किए जाते थे, जबकि अब बाजार में मिलने वाले तैयार मसालों और तेलों का उपयोग बढ़ गया है। इनमें मिलावट की आशंका भी बनी रहती है, जिससे लोगों के बीमार होने की संभावना बढ़ जाती है।

इस प्रकार आधुनिकता की दौड़ में जहां पारंपरिक उपकरण धीरे-धीरे इतिहास बनते जा रहे हैं, वहीं उनसे जुड़े कारीगरों की आजीविका भी संकट में पड़ती दिखाई दे रही है। ग्रामीण संस्कृति और स्वास्थ्य दोनों की दृष्टि से इन पारंपरिक यंत्रों का संरक्षण आज समय की आवश्यकता बन गया है।




# जमीन कब्जाने की कोशिश पर बिहारशरीफ में सड़क जाम और आगजनी



रंजीत कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा जिला मुख्यालय बिहारशरीफ के पक्की तालाब स्थित गुलशन बाग मोहल्ले में शनिवार को जमीन कब्जाने की कथित कोशिश को लेकर भारी हंगामा हो गया। इस घटना से इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और लोगों का आक्रोश सड़क पर फूट पड़ा।

जानकारी के अनुसार करीब 10 से 15 की संख्या में पहुंचे कुछ लोगों ने दोपहर करीब एक बजे कटरा नदी के पास स्थित इलाके में झुग्गी-झोपड़ी में रह रहे लोगों की जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की। स्थानीय लोगों ने इसका कड़ा विरोध किया और जमीन खाली करने से साफ इनकार कर दिया। आरोप है कि विरोध के बाद कथित भू-माफियाओं ने लोगों को धमकाते हुए जल्द जमीन खाली करने का अल्टीमेटम दिया और वहां से चले गए।

घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर दिया और आगजनी करते हुए जिला प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। करीब चार घंटे तक इलाके में तनावपूर्ण स्थिति बनी रही। ग्रामीणों का आरोप है कि सूचना देने के बावजूद पुलिस करीब दो घंटे तक मौके पर नहीं पहुंची, जिससे लोगों का गुस्सा और बढ़ गया।हालात बिगड़ते देख लहेरी थाना और डायल 112 की पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझा-बुझाकर स्थिति को शांत कराया। लहेरी थानाध्यक्ष रंजीत रजक ने बताया कि इस तरह की घटना की पहले जानकारी नहीं थी। सूचना मिलते ही पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जमीन की वास्तविक स्थिति और कब्जा करने पहुंचे लोगों की पहचान की जा रही है। फिलहाल मौके पर पुलिस बल तैनात है और स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है।

# इस्लामपुर में धूमधाम से मनाई गई डॉ भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती



मोहम्मद जियाउद्दीन

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। अति पिछड़ा, अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकास मंच के तत्वावधान में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती इस्लामपुर बाजार स्थित नेताजी सुभाष उच्च विद्यालय परिसर में धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का उद्घाटन इस्लामपुर के विधायक रुहेल रंजन ने बाबा साहेब के तैलचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया।

समारोह को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर के आदर्शों पर चलकर ही देश में आपसी भाईचारा और समावेशी विकास संभव है। उन्होंने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी बाबा साहेब के सच्चे अनुयायी रहे हैं और उनके मार्गदर्शन में पिछले दो दशकों में बिहार ने विकास की नई दिशा प्राप्त की है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले दिनों में भी राज्य विकास की राह पर आगे बढ़ता रहेगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मनोज कुमार चौधरी ने की, जबकि संचालन मंच के संयोजक सह जिला बीस सूत्री सदस्य धर्मेंद्र चौहान ने किया। धर्मेंद्र चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहेब ने संविधान के माध्यम से देश के हर नागरिक को समान अधिकार के साथ जीने का अधिकार दिया। उनका संदेश था—शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो।

नीरज कुमार चंद्रवंशी ने कहा कि बाबा साहेब का कैलेंडर हर घर में होना चाहिए ताकि नई पीढ़ी उनके विचारों से प्रेरणा ले सके। वहीं प्रो. मिथिलेश निषाद ने कहा कि हर नागरिक को संविधान का अध्ययन करना चाहिए, क्योंकि संविधान का ज्ञान ही व्यक्ति को सशक्त बनाता है।

इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रवक्ता पप्पू कुमार चंद्रवंशी, गीता पेट्रोल पंप की संचालक गीता कुमारी, पवन शर्मा, मनवा देवी, टुनटुन बिंद, विनय सिंह, सनी मालाकार, मो. फहीम, प्रो. बिनोद कुमार, सुधीर चंद्रवंशी, पप्पू दास, संजीत रजक, चिंटू कुमार, कुणाल शर्मा, विश्राम बिंद सहित कई लोगों ने बाबा साहेब को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

# हिंदी अल्बम "कल से दारू बंद है" का भव्य लॉन्च, दर्शकों ने किया जमकर सराहना



मुंबई(अपना नालंदा)। भी एस एंटरटेनमेंट के बैनर तले निर्मित हिंदी अल्बम "कल से दारू बंद है" का भव्य लॉन्च आज मुंबई के अंधेरी स्थित इम्पास सिनेमा हॉल में किया गया। इस अवसर पर अल्बम से जुड़े सभी टेक्नीशियन और कलाकार मौजूद थे।

इस अल्बम के निर्माता गौरव पंचोली ने बताया कि "कल से दारू बंद है" एक ऐसा गाना है जो लोगों को सोचने पर मजबूर करेगा। उन्होंने कहा कि इस अल्बम के लिए हमने बहुत मेहनत की है और हमें उम्मीद है कि दर्शकों को यह पसंद आएगा।


अल्बम के गीतकार और कंपोजर प्रणव वत्स ने बताया कि यह गाना उनके दिल की बात कहता है। उन्होंने कहा कि वह खुश हैं कि इस गाने को दर्शकों ने इतना प्यार दिया है।

सिंगर नमन श्रीवास्तव ने बताया कि "कल से दारू बंद है" एक ऐसा गाना है जो लोगों को प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा कि वह खुश हैं कि इस गाने का हिस्सा बने हैं।

खुशबू मोहारकर ने बताया कि यह गाना उनके करियर में एक नए अध्याय की शुरुआत है। उन्होंने कहा कि वह खुश हैं कि इस गाने को दर्शकों ने इतना प्यार दिया है।डांस मास्टर देव थापे ने बताया कि "कल से दारू बंद है" एक ऐसा गाना है जो लोगों को नाचने पर मजबूर करेगा। उन्होंने कहा कि वह खुश हैं कि इस गाने का हिस्सा बने हैं।

इस अल्बम के D.O.P यूनुस चीची ने बताया कि उन्होंने इस अल्बम के लिए बहुत मेहनत की है और उन्हें उम्मीद है कि दर्शकों को यह पसंद आएगा।संजय भूषण पटियाला ने बताया कि वह खुश हैं कि इस अल्बम का हिस्सा बने हैं और उन्हें उम्मीद है कि दर्शकों को यह पसंद आएगा।अल्बम "कल से दारू बंद है" अब सभी प्रमुख ऑडियो म्यूजिक प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। भी एस एंटरटेनमेंट यूट्यूब म्युजिक पर वीडियो रिलीस किया गया है. इस गाने में हमारे प्रतिभाशाली कलाकार नमन श्रीवास्तव, ने अपनी आवाज दी है, जिनमें प्रणव वत्स, खुशबू मोहारकर, ने अभिनय कर के चार चांद लगा दिए हैं और डांस मास्टर देव थापे ने कोरियोग्राफर किया हैं। इस अल्बम के छायांकन यूनुस चीची ने किया हैं।

# पटना स्थित कर्पूरी ठाकुर स्मृति संग्रहालय में वाचनालय विकसित करने की घोषणा



पटना (अपना नालंदा)। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को पटना स्थित जननायक कर्पूरी ठाकुर स्मृति संग्रहालय परिसर में स्थापित बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने स्मृति संग्रहालय भवन में लगे कर्पूरी ठाकुर के तैलचित्र पर भी पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

इसके बाद मुख्यमंत्री ने संग्रहालय भवन के विभिन्न हिस्सों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने फोटो गैलरी में कर्पूरी ठाकुर के मुख्यमंत्रित्व काल, उनके सामाजिक संघर्षों और सार्वजनिक जीवन से जुड़ी तस्वीरों का अवलोकन किया। साथ ही उन्होंने जननायक कर्पूरी ठाकुर के शयन कक्ष, पुस्तकालय, डायनिंग हॉल समेत अन्य हिस्सों का भी जायजा लिया।

अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को संग्रहालय में संरक्षित वस्तुओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। बताया गया कि संग्रहालय में कर्पूरी ठाकुर के दैनिक जीवन से जुड़ी कई महत्वपूर्ण वस्तुएं सुरक्षित रखी गई हैं। इनमें उनके कपड़े, चश्मा, कलम, स्नातक की मार्कशीट तथा विद्यालय के प्रमाण पत्र शामिल हैं। इसके अलावा उनके मुख्यमंत्री कार्यकाल और स्वतंत्रता संग्राम से संबंधित कई तस्वीरें और दस्तावेज भी यहां प्रदर्शित हैं।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कला एवं संस्कृति विभाग के सचिव को निर्देश देते हुए संग्रहालय भवन में वाचनालय (अध्ययन कक्ष) विकसित करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि वाचनालय बनने से यहां आने वाले लोगों को पुस्तकालय में उपलब्ध पुस्तकों और पत्रिकाओं के माध्यम से जननायक कर्पूरी ठाकुर के जीवन, सादगी और संघर्षों के बारे में विस्तृत जानकारी मिल सकेगी।इस अवसर पर कला एवं संस्कृति विभाग के सचिव प्रणव कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी डॉ. गोपाल सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. चंद्रशेखर सिंह सहित कई वरीय अधिकारी और संग्रहालय के कर्मी उपस्थित थे।

# शराब के नशे में हंगामा कर रहा युवक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

थरथरी (अपना नालंदा)। थरथरी थाना क्षेत्र में शराब के नशे में राहगीरों के साथ गाली-गलौज और मारपीट कर उत्पात मचा रहे एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवक की पहचान करियावां गांव निवासी विक्की कुमार के रूप में की गई है।

थानाध्यक्ष साजिद अख्तर ने बताया कि पुलिस गश्ती के दौरान सूचना मिली थी कि करियावां गांव में एक युवक शराब के नशे में लोगों के साथ अभद्र व्यवहार कर रहा है और हंगामा कररहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आरोपी युवक को पकड़ लिया। पुलिस उसे थरथरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई, जहां चिकित्सकों द्वारा कराई गई मेडिकल जांच में शराब सेवन की पुष्टि हुई। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।




# पटना में जदयू कार्यालय पहुंचे निशांत कुमार, नेताओं संग किया मंथन



संजय कुमार

पटना (अपना नालंदा)। जनता दल (यू) के नेता निशांत कुमार ने शनिवार को जदयू के प्रदेश कार्यालय पहुंचकर पार्टी के शीर्ष नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। इस दौरान संगठन की मजबूती और भविष्य की रणनीति को लेकर विस्तृत मंथन किया गया।

पार्टी कार्यालय पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने निशांत कुमार का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया और उनके समर्थन में जमकर नारे लगाए। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से एक-एक कर मुलाकात की और उनके विचारों को ध्यानपूर्वक सुना। बैठक के दौरान संगठन को और मजबूत बनाने तथा पार्टी की नीतियों और उपलब्धियों को आम जनता तक प्रभावी तरीके से पहुंचाने पर विशेष चर्चा की गई।

निशांत कुमार ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सभी लोगों को मिलकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकास कार्यों और उनके बताए रास्तों को आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि बिहार के विकास और प्रगति के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है।उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाएं, ताकि लोगों को विकास कार्यों की सही जानकारी मिल सके।बैठक के दौरान विधान परिषद में पार्टी के मुख्य सचेतक संजय कुमार उर्फ गांधीजी, विधायक चेतन आनंद, विधायक मांजरिक मृणाल, विधायक ऋतुराज कुमार, विधायक रुहेल रंजन, अनिल कुमार तथा प्रदेश महासचिव मनीष कुमार सहित पार्टी के कई अन्य नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।


Kalope
HOMES
All-in-One Home Solution
Luxury Interior with RealPlast UPVC
Waterproof | Termite Proof | Fire Retardant | Zero Maintenance
Material Partner: REAL PLAST
RealPlast UPVC is a next-generation interior material
that combines strength, safety, and luxury design.
Modular Kitchen
Cabinets, shutters, drawers
TV Unit & Wall Panels
Modern design, storage
Wardrobes & Closets
Sliding, swing, loft, drawers
Bathroom Vanities
Waterproof & hygienic
+91 74887 06578
www.kalopehomes.com
Patna, Bihar